खर्चा सहित वसूली और वितरण से संबंधित खर्चों का ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 168, अनुपत्र संख्या 59]

(च) जी, नहीं।

(छ) प्रश्न ही नहीं उठता।

राज्यों के खाद्यान्न कोटा में वृद्धि

1441. **श्री रामसिंह राठवा** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार 1991 की जनगणना के अनुसार जनसंख्या में हुई वृद्धि के आधार पर राज्यों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए उनके खाद्यान्न कोटे में वृद्धि करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष के दौरान गुजरात के कोटे में की गई वृद्धि का ब्यौरा क्या है ?

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) वर्ष 1989-90, 1990-91 और 1991-92 के दौरान प्रत्येक राज्य को आवंटित खाद्यान्न कोटे में की गई वृद्धि और चालू वर्ष के दौरान आवंटित किये जाने वाले खाद्यान्न की मात्रा का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) से (घ) गुजरात सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केन्द्रीय पूल से गेहूं और चावल के आवंटन केन्द्रीय पूल में उपलब्ध स्टाक, मौसमी उपलब्धता, उठान की प्रवृत्ति, विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सापेक्ष आवश्यकताओं और अन्य संगत तथ्यों को ध्यान में रखकर प्रत्येक मास के आधार पर किए जाते हैं। गुजरात सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अधीन जनवरी, 1993 से सितम्बर, 1993 तक 3,10,500 मीटरी टन चावल और 4,91,500 मीटरी टन गेहूं आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त, राज्य को मार्च, 1993 और उसके आगे 5,000 मीटरी टन प्रतिमास के हिसाब से ज्वार आवंटित की गई है।

एक विवरण संलग्न है जिसमें प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को 1989-90, 1990-91, 1991-92 और 1992-93 के दौरान किए गए आवंटनों का ब्यौरा दिया गया है। [देखिए परिशिष्ट 168, अनुपत्र संख्या 60] वर्ष 1993-94 के दौरान किए गए/किए जाने वाले आवंटन उपर्युक्त तथ्यों पर निर्भर करेंगे।

उत्तर प्रदेश में चीनी का उत्पादन

1442. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस वर्ष सितम्बर माह के अंत तक देश में होने वाले चीनी के कुल उत्पादन में उत्तर प्रदेश का कितना योगदान होने की संभावना है ;

(ख) पिछले वर्ष की तुलना में चीनी के उत्पादन में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में चीनी का कितना उत्पादन हुआ है ?

खाद्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्प नाथ राय) : (क) चालू चीनी मौसम 1992-93 (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान 31.7.1993 तक देश में हुए चीनी के कुल 104.95 लाख टन (अनंतिम) उत्पादन में से उत्तर प्रदेश की चीनी मिलों द्वारा 27.98 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है।

(ख) और (ग) पिछले तीन चीनी वर्षों की तुलना में चालू चीनी वर्ष 1992-93 (अक्तूबर-सितम्बर) के दौरान